# कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर।

पत्रांकः 81 / अ0न0आ0 / स्वा0वि0 / न0नि0गो0 / 2025–26 दिनांकः 19/03/26

## ई–निविदा सूचना

नगर निगम गोरखपुर के स्वास्थ्य विभाग स्टोर में आवश्यक सफाई उपकरण / सामग्रियों आपूर्ति हेतु नामित निर्माता कम्पनी / फर्मों अथवा उनके द्वारा उक्त निविदा हेतु अधिकृत फर्मों से दरों के निर्धारण निमित्त से पुनः अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र शुल्क (समस्त कर सहित) रूपया 1180.00 व जमानत धनराशि रूपया 1,00,000.00 ऑनलाइन इण्टरनेट बैकिंग / (आर.टी.जी.एस.) / एन.ई.एफ.टी० के माध्यम से नगर निगम, गोरखपुर के खाता संख्या– 10174963707 (IFSC Code: IDFB0021561) आई0डी0यफ0सी0 फास्ट बैंक, शाखा–पार्क रोड, गोरखपुर के नाम से ई–निविदा नगर निगम गोरखपुर के नाम से किया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय गोरखपुर को होगा। सर्शत निविदा मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | विवरण | दिनाँक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड की तिथि | 20-03-26 |
| 2 | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | 30-03-26 @ 06:00 PM |
| 3 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 31-03-26 @ 12:00 PM |

नोट– नियम व शर्ते नगर निगम गोरखपुर की बेवसाइट www.nagarnigamgkp.org या ई–निविदा बेवसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

Digitally signed by
PRAMOD KUMAR
Date: 19-03-2026
17:44:02

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर।

निविदा शुल्क–1180/–

# कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर।

## नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग स्टोर में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के निविदा की नियम व शर्ते :–

1. नामित निर्माता कम्पनी/फर्मे सीधे अथवा उनके द्वारा इस निविदा हेतु अधिकृत फर्मे ही योग्य होगी। इससे सम्बन्धित प्रमाण–पत्र (अधिकृत प्रमाण–पत्र) निविदा के साथ सलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता द्वारा जी.एस.टी. नम्बर, पैन कार्ड की प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. बी0ओ0क्यू0 में अंकित समस्त सामग्रियों की गुणवत्ता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निर्माता फर्म व अधिकृत फर्म की ही होगी।
4. निविदादाताओं द्वारा निर्माता कम्पनी या कम्पनी द्वारा अधिकृत फर्मो से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रपत्र निविदा के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
    - निर्माता होने का कम–से–कम 03 वर्ष पुराना प्रमाण–पत्र।
    - BIS रजिस्ट्रेशन से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र। BIS द्वारा निर्धारित समस्त मानकों/गुणवत्ता को पूर्ण किये जाने से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र। (यदि लागू हो)
    - कुदाल, खपाची व बेलचा की निर्माता कम्पनी/फर्म का 02 वर्षीय रि–प्लेसमेंट की गारंटी/वारंटी से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र।
    - ISO 9001 प्रमाण – पत्र।
    - निविदा मूल्य की मूल रशीद जमा की स्लीप पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
    - 2 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र।
    - जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन की कापी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
    - पैन कार्ड एवं अद्यतन 03 FY ITR.
    - कम्पनी द्वारा जारी अधिकृत प्रमाण पत्र।
    - संस्था के प्रकरण में पार्टनरशिप डीड अनुबन्ध की अभि–प्रमाणित प्रति।
5. निविदादाताओं द्वारा निर्माता कम्पनी के अधिकृत फर्मो/डीलर से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रपत्र निविदा के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता द्वारा सामग्रियों की दरें प्रतिनग/प्रति किलो/प्रति अदद बोरी के आधार पर (समस्त आपूर्तित सामग्री की वारण्टी अवधि का समावेश करते हुए) ऑन–लाइन निर्धारित प्रपत्र पर ही अंकित किया जाना होगा।
7. निविदादाता को गत तीन वर्षीय आय–व्यय की बैलेसशीट सहित प्रमाण–पत्र जोकि औसतन रू0 10 लाख प्रतिवर्ष से कम न हो, जिसका चार्टर एकाउटेट द्वारा सत्यापित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
8. निविदादाताओं कोनिविदा के साथ 03 वर्ष का आई.टी.आर. आयकर विभाग की प्रति संलग्न करना होगा।

9. जी०एस०टी० के नियमो/शासनादेश के अनुसार निर्धारित दरो पर अतिरिक्त देय होगी।

10. निविदा प्रपत्र शुल्क (समस्त कर सहित) रू0 1180.00 व जमानत धनराशि रू0 1,00,000.00 ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/(आर.टी.जी.एस. )/एन.ई.एफ.टी० के माध्यम से नगर निगम, गोरखपुर के खाता संख्या-10174963707 (IFSC Code: IDFB 0021561) आई०डी०एफ०सी० फास्ट बैंक, शाखा-पार्क रोड, गोरखपुर के नाम से ई-निविदा नगर निगम गोरखपुर के नाम से किया जाना अनिवार्य होगा। उक्त वेबसाइट के माध्यम से निविदा प्रपत्र का मूल्य "Tender Fee" मद तथा जमानत धनराशि "Security Deposit" मद मे जमा करनी होगी एवं साक्ष्य के रूप में यू.टी.आर संख्या, पे-इन-स्लिप इत्यादि ऑनलाइन अपलोड करनी होगी अन्यथा निविदा अवैध मानी जाएगी। अन्य किसी माध्यम से धनराशि स्वीकार्य नही की जाएगी।

11. न्यूनतम निविदादाता की दरें निर्णीत होने के उपरान्त निविदादाता द्वारा नियमानुसार निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। तदोपरान्त पृथक से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने की दशा में प्रत्येक कार्य का पृथक-2 अनुबन्ध निर्धारित स्टाम्प पेपर पर करना होगा। जिसके साथ कार्यादेश के 10 प्रतिशत धनराशि को DD/FDR के माध्यम से धरोहर/जमानत के रूप बंधक होगी जो प्रभारी अधिकारी, स्वास्थ्य स्टोर नगर निगम, गोरखपुर के नाम से 02 वर्ष के लिए बन्धक रहेगी।

12. समस्त कार्यो की निविदा द्वि-लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के आधार पर आमंत्रित की गयी है जिनमें निविदादाता को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा पृथक-2 देनी होगी। निविदादाता की निविदा पर तकनीकी निविदा की अर्हतायें पूर्ण करने पर ही वित्तीय निविदा खोले जाने पर विचार किया जाएगा।

13. निविदा में कोई भी संशोधन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाइट पर ही अपलोड कर प्रकाशित किया जाएगा।

14. एक अथवा सभी निविदादाताओं की निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा एवं किसी भी शर्त को संशोधित एवं समाप्त करने का पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त महोदय नगर निगम गोरखपुर के अधिकार क्षेत्र में होगा।

15. नगर आयुक्त महोदय नगर निगम गोरखपुर का निर्णय अन्तिम होगा, जो सभी निविदादाताओं को मान्य होगा। किसी भी वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र गोरखपुर होगा।

Digitally signed by
PRAMOD KUMAR
Date: 04-02-2026
12:37:37

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर।

Signature Not Verified
Digitally signed by DURGESH MISHRA
Date: 2026.02.06 16:04:25 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

ce.gov.in/efile/#/draft/10UPDIR0000542530/1/view?source=fiBE&documentId=F0UPDIR00008838... 2/2
RK-NNGKP (Computer No. 883821)
Scanned with OKEN Scanner